वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 271 सोमवार 29 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# शीघ्र धरातल पर उतरेगी ईआरसीपीः केन्द्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के मध्य एम.ओ.यू. पर हुए हस्ताक्षर

### नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री के समक्ष डीपीआर बनाने पर सहमति। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहे उपस्थित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




राजस्थान और मध्यप्रदेश के लाखों लोगों के लिए बहुप्रतिक्षित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) शीघ्र ही मूर्तरूप लेगी। केन्द्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के बीच परियोजना की संयुक्त डीपीआर बनाने के लिए श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में रविवार को त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की सचिव श्रीमती देबामुखर्जी, राजस्थान के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार और मध्यप्रदेश के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश कुमार राजोरा के बीच समझौता करार पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ईआरसीपी राजस्थान और मध्यप्रदेश की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। किसानों के लिए महत्वपूर्ण इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत गंभीर है। प्रदेशमें हमारी सरकार के गठन के साथ ही इस अहम्‌ परियोजना को पूरा करने के लिए राजस्थान और मध्यप्रदेष सरकार के बीच सहमति बनाने के लिए बैठक आयोजित की गयी। प्रधानमंत्री की इच्छाशक्ति एवं कार्यशैली का परिणाम है कि आज इस प्रोजेक्ट को लेकर केन्द्र सरकार और दोनों राज्यों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना (ईआरसीपी) से मध्यप्रदेश एवं राजस्थान का सर्वांगीण विकास होगा एवं एक स्वर्णिम युग का उदय होगा। दोनों राज्यों के विकास के लिए यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की शिष्टाचार भेंट।

## मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

### प्रधानमंत्री का 29 जनवरी सुबह 11 बजे "परीक्षा पे चर्चा" पर सम्बोधन, मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से किया कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 109वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के साथ मुख्यमंत्री निवास पर संबोधन को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम हमेशा ही प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला होता है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने "मन की बात" में स्वच्छता और अंगदान का संदेश भी दिया है। हमें भी मिलकर उनके मार्गदर्शन में प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान निरंतर चलाना चाहिए। साथ ही, अंगदान के प्रति भी जागरूकता फैलानी चाहिए। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 जनवरी, 2024 को सुबह 11 बजे विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' करेंगे। शर्मा ने प्रदेश के विद्यार्थियों से इस चर्चा में जुड़ने का आह्वान किया।



# इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं प्ले जोन का उद्घाटन समाजसेवी किशोर जैन पांड्या ने किया



**कोडरमा. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन विद्यालय,झुमरीतिलैया में इंडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स एवं किड्स प्ले जोन का उद्घाटन प्रसिद्ध समाजसेवी कोडरमा निवासी, दिल्ली प्रवासी किशोर-आशा जैन पांडया परिवार ने किया इस मौके पर जैन समाज उप मंत्री जैन नरेंद्र झाझंरी, उपमंत्री जैन राज छाबड़ा एवं पदाधिकारी ने उनके परिवार को साफा माला पहनाकर स्वागत किया। समाज के सैकड़ो लोगों ने उनके आवास स्थल पानी टंकी रोड से बैंड बाजे के साथ उनको जैन विद्यालय तक लेकर आए जैन विद्यालय के संयोजक सुनील छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इंडोर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण करता झुमरी तिलैया निवासी किशोर जैन पांडया दिल्ली में अपना व्यवसाय करते हैं और जैन विद्यालय के चेयरमैन भी है। विद्यालय के आधुनिक निर्माण एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मे उनका बहुत बड़ा योगदान है कोरोना काल की विषम परिस्थिति में विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को निशुल्क पढ़ाई एवं अन्य सुविधा देने में उनका काफी योगदान रहा। वर्तमान राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा बच्चों को ऑनलाइन फ्री शिक्षा देने की लाइव व्यवस्था का उद्घाटन कोरोना काल में पांड्या के प्रयास से संभव हो पाया था उस समय माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी झारखंड की राज्यपाल थी,पार्षद पिंकी जैन ने कहां की बच्चों में शिक्षा के साथ स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को खेल के क्षेत्र में भी बढ़ावा मिले इसी उद्देश्य से यह परिसर और किड्स जोन प्ले बनाया गया है उद्घाटन के इस मौके पर समाजसेवी ,जैन सुशील छाबड़ा,जैन सुरेश झाझंरी,जैन प्रदीप छाबडा,जैन मुकेश अजमेरा,जैन मनोज सेठी,ग्रिजली स्कूल के डायरेक्टर अविनाश सेठ क्लोरोफिल स्कूल के डायरेक्टर अजय अग्रवाल कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत छाबडा,अनिल सिंह, जैन सुनील छाबड़ा कबड्डी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप सिंह सचिव धर्मेंद्र सिंह राजू दास मुकेश भालोटीया,जगदीश संघई,जैन कमल सेठी,जैन सुरेश सेठी, जैन मनीष सेठी,जैन संदीप सेठी,जैन नवीन सेठी,जैन मनोज पांडया,जैन राज कुमार अजमेरा आदि लोग शामिल थे। **-कोडरमा मीडिया प्रभारी जैन राज कुमार अजमेरा ।**

# उमंग में 800 विद्यार्थियों ने दी रोचक प्रस्तुति



**जनवरी. शाबाश इंडिया।** रॉयल इन्टरनेशनल स्कूल ब्रांच पुरानी चुंगी आगरा रोड का वार्षिक उत्सव ''उमंग-2024'' शनिवार को रविन्द्र मंच पर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर करीब 800 विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रोचकपूर्ण प्रस्तुति देते हुए सभी का मन मोह लिया। निदेशक परबिंदर कुमार बिंदल ने बताया कि मुख्य अतिथि राजस्थान पुलिस के डीआईजी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंशुमान भूमिया,विषिष्ठ अतिथि जयपुर नगर निगम ग्रेटर के डिप्टी कमिश्नर मुकेश कुमार मूंद, एडिशनल कमिश्नर एक्साइज ज्ञान प्रकाश मीणा,नगर निगम हैरिटेज के काउंसलर पारस जैन व समाजसेवी विजय गुप्ता रहे। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद रामायण, गीता व अयोध्या में प्रभू श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रस्तुति पर भरे सभागार को राम-मय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र कारगिल युद्ध के सन्दर्भ में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने करीब 20 रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए,जो सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने गत वर्ष राजस्थान बोर्ड की कक्षा 10 वीं की छात्रा छवि शर्मा ने 98फीसदी प्रतिशत अंक प्राप्त कर करने पर छवि को स्मृति चिन्ह एंव प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के करीब 40 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए,इसलिए सभी विद्यार्थियों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह एंव प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रधानाचार्य अंजू शर्मा ने पढा।अंत मे निदेशक परबिंदर कुमार बिदंल ने सभी का आभार जताया।

# गणतंत्र दिवस धुम-धाम और मानव सेवा के साथ मनाया गया



**सम्मेदशिखर. शाबाश इंडिया।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री सम्मेदशिखरजी में श्री दिगम्बर जैन शाश्वत तीर्थराज सम्मेदशिखर ट्रस्ट के निहारिका परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस को तिजाराजी (राज.) से पधारें स्वस्ति श्री सौरभ सेन भट्टारक जी के सानिध्य में बड़े ही धुम-धाम और हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया, ट्रस्ट परिसर सुन्दर-सुन्दर तिरंगे की रंगो के गुब्बारे और झंडिया से सज चुकी थी की कुछ ही क्षण में पुरा परिसर ग्रामिण विद्यालय के बच्चों के गुंज से गुंज उठा सभी बच्चे एक स्वर में कह रहे थें ''आज क्या है ? 26 जनवरी ! 26 जनवरी अमर रहे ! भारत माता की जय !''



# पूज्य तन सिंह जी की जन्म शताब्दी पर उनके गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करे राजस्थान सरकारः डॉ रूपक सिंह




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयवीर जन कल्याण संस्था द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के आयोजन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रूपक सिंह ने पहुंचकर कहा पूज्य तन सिंह जी की गौरव गाथा एवं इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि तन सिंह एक भारतीय राजनेता एवं लेखक थे वह दो बार सांसद और दो बार राजस्थान विधानसभा से सदस्य रह चुके। जीवनकाल में संघ के 192 शिविर किये।23 दिसम्बर 1978 से 1 जनवरी 1979 तक रतनगढ़ में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आपका अंतिम शिविर था। पूज्य श्री ने 1949 में चौपासनी विद्यालय के अधिग्रहण के खिलाफ आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। 1948 में ही गांधीजी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध के विरुद्ध हुए आन्दोलन में भी आप शामिल हुए एवं स्वैच्छिक गिरफ्तारी दी। सरकार द्वारा दुर्भावना से प्रेरित होकर बनाये गए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के विरुद्ध उस समय के संघप्रमुख आयुवानसिंह जी के निर्देश पर 1955-56 में हुए दोनों भूस्वामी आंदोलनों में आपने नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति के रुप में भाग लिया एवं जेल गए। अन्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. नेहरु के साथ हुई समझौता वार्ता में समाज का पक्ष रखा। पूज्य श्री ने अपने अनुगामियों के लिए अनुठा साहित्य भी रचा। आपकी 14 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जो आज पथप्रेरक के रुप में हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं। इसके अलावा आपने विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में सैकडों लेख लिखे। स्वयं ने प्रारंभ से ही अनेक पत्रिकाएं प्रकाशित कीं। उनके द्वारा स्थापित पत्रिका ह्यसंघशक्तिह्य अनवरत रुप से प्रकाशित हो रही है। इसके अलावा उन्होंने अपने अनुगामियों को हजारों पत्र लिखे, जिनमें से अनेक आज भी धरोहर के रुप में संरक्षित हैं। पूज्य श्री का वास्तविक परिचय उनका मानस पुत्र श्री क्षत्रिय युवक संघ है, जिसे अनुभूति से ही समझा जा सकता है। सिंह जी ने एक सामान्य परिवार से निकल क्षत्रिय समाज के हित में काम करते-करते भारत की सरकार को कई बार झुकाया तथा क्षत्रिय समाज की संस्कृति को बचाया एवं जनहित के कार्य किये। क्षत्रिय समाज के लिए वे ईश्वर के रूप है आज तन सिंह जी की विचारधारा संघ शक्ति समूचे भारत में विस्तार पूर्वक बढ़ रही है एवं जयवीर जन कल्याण संस्था द्वारा रक्तदान शिविर में लगभग 160 यूनिट रक्तदान हुआ संस्थापक विकास सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी रीता चौहान का भी आभार जताया जो लगातार जनहित के कार्य में जुटे हुए हैं मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा उपस्थित रहे मौके पर गिर्राज शर्मा पार्षद,अशोक चौहान एडिशनल एसपी, विनोद धाकड़, भानु प्रताप सिंह, राम सिंह चौहान, शैलेंद्र वर्मा, नीरज जैन, अनिल अग्रवाल, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पोदार लिटिल मेस्ट्रोस का भव्य उद्घाटन





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पोदार एजुकेशन मुंबई की ओर से संचालित पोदार लिटिल मेस्ट्रोज की शाखा का भव्य उद्घाटन आज प्रताप नगर सेक्टर - 23,जयपुर चौपाटी प्रताप नगर के पास किया गया। पोदार एजुकेशन मुंबई के चैयरमेन राघव पोदार ने बताया कि मुख्य अतिथि बगरू विधान सभा के विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने रिबन काट कर दीप प्रज्वलित कर शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष, स्थानीय पार्षद, पार्टी पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक और विद्यालय परिवार का स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर डॉ. कैलाश वर्मा ने पोदार एजुकेशन मुंबई की सीनियर एकेडमिक मैनेजर सोनल मेहता से बातचीत करते हुए संस्था द्वारा बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके की गई । कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां जैसे पपेट शो, पैराशूट प्ले आदि को शामिल करते हुए एक कार्निवल का आयोजन भी किया गया जिसमे आस पास के सभी बच्चों, अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।

## वेद ज्ञान

# शक्ति सोच की...

हम जो मन्नत मांगते हैं, उसके पूरा होने का कार्य हमारा संकल्प करता है। मन्नत का पूरा होना हमारी दृढ़ता का परिणाम होता है। सोच में बहुत बड़ी ताकत होती है, चाहे वह अच्छी सोच हो या अशुभ चिंतन। हमारी सफलताएं हमारे दृढ संकल्प का परिणाम होती हैं, जिसके लिए हमारी निरंतर सोच और लक्ष्य का विचार बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। आप एक सोच को निरंतर बुनते रहते हैं, तो वह ब्रह्मांड में एक डिजाइन बनाने लगता है, बनते-बनते वह एक दिन वास्तविकता बन जाता है और यह आपका अपना सृजन होता है। जितनी उत्कृष्टता से आप अपनी इच्छा का सिंचन करते हैं उतनी जल्दी, वह वास्तविकता में परिवर्तित होता है। कभी-कभी तो आप बार-बार अपने लक्ष्य के बारे में सोच-सोचकर अपनी परियोजना के नए-नए स्वरूप के बारे में भी चिंतन करने लगते हैं और एक दिन आपको लगता है कि आपका प्रोजेक्ट आपकी सोच से भी बेहतर होकर उभर आया है। यह एक वास्तविकता है। यदि आपकी इच्छाएं पूरी नहीं होतीं, तो यह आपकी मानसिक शक्ति की शिथिलता के कारण होता है। आप स्वयं पर विश्वास नहीं करते, संदेह करते रहते हैं। आपको पता होना चाहिए कि बात बनाने के लिए निकले हैं, तब बात तो बननी ही है और बात न बनने का कारण कहीं आप स्वयं होते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि आपके मन की अस्थिरता आपके डिजाइन को बिगाड़ देती है, तोड़ देती है और उसमें बार-बार बस कोशिश ही होती रहती है, कभी फलीभूत नहीं होती। एक ही पवित्र स्थान पर जाकर कई लोग मन्नत मानते हैं। बहुत लोगों से आप सुनते हैं यहां आकर जिसने भी श्रद्धा से मन्नत मांगी, वह पूरी होती है, पर कुछ लोग बताते तो नहीं हैं कि उनकी इच्छा पूरी नहीं हुई बस प्रतीक्षा करते रहते हैं। उनके विश्वास का अभाव उनकी असफलता का कारण होता है। किसी विशिष्ट स्थान पर अच्छी भावना लेकर लोग एकत्र होते हैं, तो एक सकारात्मक वातावरण बनता है, जिसका अपना महत्व होता है, किंतु प्रकारांतर से यह भी अच्छे सोच की शक्ति ही होती है, जो सब मानने वालों को मजबूती देती है और यही मजबूती आपके छोटे से प्रयास को भी फलीभूत कर देती है। अनेक रोग हमारी सोच के परिणाम होते हैं। मनोविज्ञान का यह एक प्रामाणिक तथ्य है।

## संपादकीय

# पद और कद को लेकर महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव

देश में राजनीतिक गठबंधनों का बनना और बिखरना कोई नई बात नहीं है। विडंबना यह है कि महज चुनाव की चुनौतियों का सामना करने के मकसद से इस तरह के साथ कई बार तात्कालिक नफा-नुकसान के गठजोड़ साबित होते हैं। कुछ समय पहले जब कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों को साथ मिला कर ह्यइंडियाह्न नाम से एक समूह का गठन किया गया था, तब लगा था कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक



गठबंधन को आगामी आम चुनावों में खासी चुनौती मिल सकती है। मगर उससे पहले ही नए बने विपक्षी गठबंधन में कुछ दलों की ओर से जिस तरह की जद्दोजहद, चुनावी सीटों की संख्या को लेकर खींचतान देखने में आ रही है, उससे यही लगता है कि इस समूह में सिद्धांत के आधार पर साथ आने की सहमति शायद नहीं बन पाई है, बल्कि इसमें शामिल कुछ दलों पर फिलहाल अपनी सीटें बढ़ा कर राजनीतिक शक्ति बढ़ाने की मंशा हावी है। गठबंधन में शामिल कुछ दलों के बीच स्पष्ट मतभेद और दूरी के संकेत तब सामने आए, जब बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की शीर्ष नेता ममता बनर्जी ने बंगाल में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी तो दूसरी ओर पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी यही राग दोहराया। दरअसल, राहुल गांधी की ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के बंगाल में आयोजित किए जाने के बारे में शिष्टाचार के नाते भी सूचित नहीं करने से लेकर कांग्रेस की ओर से अपने कई प्रस्ताव ठुकरा दिए जाने के दावे के साथ ममता बनर्जी ने एक तरह से अपनी नाराजगी छिपाई नहीं। उन्होंने सख्त भाषा में यहां तक कह डाला कि मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि देश में क्या किया जाएगा। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और वह अकेले ही भाजपा को हरा देगी। जाहिर है, यह नए बने विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' के लिए एक तरह से झटका है, क्योंकि देश की राजनीति में ममता बनर्जी का अपना एक प्रभाव रहा है और अब वे विपक्ष की राजनीति के लिए एक महत्त्वपूर्ण कड़ी मानी जाती हैं। शायद यही वजह है कि उनके ताजा रुख और उससे जुड़ी आशंकाओं के सामने आते ही कांग्रेस सहित विपक्ष के कई अहम नेताओं की ओर से ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को गठबंधन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए इस मसले का हल निकाल लेने की बात कही गई है। मगर इसके अलावा भी खबर आई कि गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी तेरह लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की बात कही है। सवाल है कि जब आम चुनावों के दिन करीब रहे हों और उसी मुताबिक विपक्ष को अपनी तैयारी करने की जरूरत है, वैसे में इस तरह की स्थितियां क्यों पैदा हो रही हैं, जिसमें गठबंधन के भविष्य को लेकर आशंकाएं पैदा हो रही हैं!

-राकेश जैन गोदिका

## परिदृश्य

# प्रतिरोधी आवाजों को सम्मान

राजनीतिक यात्राएं पहले भी राजनेता करते रहे हैं, मगर जिस तरह का टकराव भारत जोड़ो न्याय यात्रा और असम सरकार के बीच देखने को मिल रहा है, वैसा शायद कभी नहीं हुआ। हालांकि इसके कयास पहले से लगाए जा रहे थे, क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के बीच पहले से तल्ख रिश्ते रहे हैं। यात्रा के असम में प्रवेश करते ही राहुल गांधी ने असम सरकार पर तीखा प्रहार कर दिया। उसे देश की सबसे भ्रष्ट सरकार कह दिया। उनकी प्रतिक्रिया में हिमंत बिस्व सरमा ने पूरे गांधी परिवार को ही भ्रष्ट करार दे दिया। ऐसी बयानबाजियां दलगत राजनीति में कोई नई बात नहीं हैं। पक्ष और प्रतिपक्ष एक-दूसरे पर, खासकर चुनाव नजदीक आने पर, ऐसे जुबानी हमले करते ही हैं। मगर जैसा कि कांग्रेस का आरोप है, राहुल गांधी की यात्रा में शामिल वाहनों पर पथराव किया गया, उसे शायद ही कोई उचित माने। फिर मुख्यमंत्री खुद इस यात्रा को अनुशासित करने के नाम पर मैदान में उतर आए। उन्होंने कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और लोगों को उकसाने के आरोप में यात्रा में शामिल कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। उधर असम प्रशासन ने राहुल गांधी को श्रीमंत शंकरदेव के मंदिर जाने से रोक दिया। गुवाहाटी शहर में भी यात्रा को प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई। यह ठीक है कि कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और अगर उसे लगता है कि किसी यात्रा या राजनीतिक गतिविधि से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता, सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता या फिर यात्रियों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है, तो वह उसे रोक सकती है। मगर सवाल यह भी है कि ऐसी यात्राओं के रास्ते अचानक तय नहीं होते, पहले ही प्रशासन से इसकी इजाजत ले ली जाती है, फिर असम सरकार को वहां यात्रा पहुंचने के बाद ऐसे खतरे क्यों समझ आए? इससे यही संदेश गया है कि असम सरकार को यह यात्रा राजनीतिक रूप से रास नहीं आ रही है। राजनीतिक नफे-नुकसान का आकलन हर राजनीतिक दल करता है, इसमें कोई बुराई नहीं। मगर एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों से प्रतिरोधी आवाजों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। जब एक बार न्याय यात्रा का रास्ता तय हो गया था, तो उसे चलने दिया जाता, तब शायद ऐसे विवाद की नौबत न आती। असम के मुख्यमंत्री ने यात्रा के मार्ग में अवरोध खड़े करने की कोशिश करके बेवजह अपने खिलाफ नाराजगी को न्योता दे दिया। हालांकि राहुल गांधी असम सरकार की अड़चनों का भरपूर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं, मगर उनसे भी लोकतांत्रिक मर्यादाएं समझने की अपेक्षा की जाती है। विपक्षी दल का नेता होने के नाते उन्हें सत्ता पक्ष की कमियां गिनाने का हक तो है, मगर सीमा में रहते हुए ही उन्हें बातें बोलनी चाहिए। जैसा कि हिमंत बिस्व सरमा का आरोप है, उनके बयानों से लोगों में उत्तेजना पैदा हो रही है, राहुल गांधी से भाषा और तथ्यों का ध्यान रखने की स्वाभाविक अपेक्षा की जाती है। छिपी बात नहीं है कि राहुल गांधी की यात्रा दलगत फायदे के लिए निकाली गई है। उसमें जहां भी कांग्रेस के अलावा दूसरे दलों की सरकार है, वे उस पर हमले करेंगे ही। मगर अभी तो यह यात्रा शुरू हुई है, इसे अन्य कई ऐसे राज्यों से होकर गुजरना है, जहां कांग्रेस की सरकार नहीं है। अगर उनका यही आक्रामक तेवर रहा, तो मुश्कलें और मिलेंगी।

# धर्म की जड़ सदा हरीः आचार्य सौरभ सागर



## आचार्य सौरभ सागर महाराज का अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**पदमपुरा, जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रसिद्ध दिगम्बर जैन आचार्य सौरभ सागर महाराज ससंघ का अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाड़ा में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।इस मौके पर जयपुर सहित आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं मानद् मंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर आचार्य श्री की मंगल अगवानी की। मूलनायक भगवान पदमप्रभू एवं मंदिर दर्शन के बाद आयोजित धर्म सभा में आचार्य श्री ने प्रवचन देते हुए कहा कि धर्म की जड़ सदा हरी होती है। मनुष्य को अपनी गृहस्थ दिनचर्या के साथ धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रियता से शामिल होना चाहिए। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नटाटा के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साह आबूजीवाले, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, संजय साह, कपिल बिलाला, विकास अजमेरा, माया जैन, मिनिका बिलाला, रुपल अजमेरा, दिव्या बाकलीवाल सहित कई गणमान्य श्रेष्ठीजन शामिल हुए। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य श्री के सानिध्य में प्रातः 7.00 बजे मूलनायक भगवान पदमप्रभू के अभिषेक एवं शांतिधारा की जाएगी। तत्पश्चात धर्म सभा का आयोजन होगा। दोपहर 3 बजे से शंका समाधान एवं शास्त्र चर्चा तथा सायंकाल 6 बजे गुरु भक्ति एवं मंगल आरती के आयोजन होंगे।

# विमर्श जागृति महिला मंच ने गायों को औषधि युक्त लड्डू खिलाये



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

विमर्श जागृति महिला मंच की सदस्यायों ने कोलुआ रोड स्थित गोवृद्ध आश्रम ( दयोदय गौशाला ) पहुंचकर गायों के लिए औषधि युक्त लड्डू,गुड़, रोटी एवं हरी घास खिलायी ।गायों के स्वास्थ्य की जानकारी ली ।इस अवसर पर अध्यक्ष प्रीति मोहरी, मंत्री रूबी करैया,सदस्याएं समता जैन, सीमा जैन, नेहा जैन ,वैशाली बाँझल, पूजा जैन, शिखा बेलई आदि ने उपस्थित रहकर सहभागिता की।

# महावीर इंटरनेशनल द्वारा आयोजित शिविर में हड्डी जांच 52 लाभान्वित




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमाला देवी कमल कुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 15 वा निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विषेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) द्वारा अरिहंत हेल्थ सेंटर पर 9 बजे से 12बजे तक आयोजित किया गया।शिविर संयोजक वीर दिनेश लाडना, वीर सम्प्त बगड़िया, वीर सुरेश कुमार जैन, वीर तेजकुमार बड़जात्या ने बताया कि हड्डी रोग शिविर में 52 रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर में 26 एक्सरे, खुन संबंधी 30 जाँचे निःशुल्क की गई। सचिव अजित पहाड़ियां के अनुसार शिविर सहयोगी श्रीमती गुणमाला देवी अपने पुत्र वीर कैलाश चन्द वीर निर्मल कुमार पांडया के साथ शिविर का अवलोकन कर संस्था के सेवाकार्य के प्रति साधुवाद धन्यवाद किया। शिविर प्रभारी नरेश जैन ने बताया कि वीर रामावतार गोयल, वीरा उषा, वीर विनोद, वीर, रिषभ झांझरी, वीर संदीप पाडया, वीर पारस पहाड़ियां, चन्दु, बोदूराम ने निःस्वार्थ सेवाएं देकर शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। वीर सुभाष पहाड़ियां ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पहली बार गणतंत्र कार्यक्रम में शामिल हो फूले नहीं समाये झुग्गी झोपड़ी के बच्चे

## बच्चों की प्रस्तुति के लिए एसडीएम और आचार्य टीम को मिली सराहना

**अम्बाह. शाबाश इंडिया।** गणतंत्र दिवस समारोह में पहली बार झुग्गी झोपड़ी के बारह बच्चे शामिल होकर फूले नहीं समा समाये, बच्चों के परिजन भी बहुत खुश थे इस अनूठी पहल के लिए सहज स्वीकार्यता देने वाले एसडीएम अरविंद माहौर की हर तरफ प्रशंशा हो रही है, वहीं इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने वाले समाजसेवी सुधीर आचार्य (मास्टर ट्रेनर मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान ) और आचार्य आनंद टीम को भी भरपूर सराहना मिल रही है। यहां उल्लेखनीय है कि झुग्गी झोपड़ी वासियों को आचार्य आनंद टीम के साथ एसडीएम अरविंद माहौर कम्बल वितरित करने गए थे, यहीं सुधीर आचार्य ने इन बच्चों की प्रतिभा से एसडीएम को परिचित कराया और उन्हें कार्यक्रम में



शामिल करने की इच्छा जताई।एसडीएम अरविंद माहौर ने इन बच्चों से वातार्लाप कर उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने की अनुमति दी,।इसके बाद सभी बारह बच्चों को तीन दिन ब्राइट कैरियर एकेडमी में आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराकर बुलाया गया और कोरियोग्राफर पूजा यादव द्वारा देशभक्ति प्रस्तुति तैयार करायी गई। समाजसेवी सुधीर आचार्य ने बच्चों के लिए ड्रेस, जूते,मौजे आदि उपलब्ध कराये और कार्यक्रम उपरांत उन्हें ही भेंट कर दीए।एसडीएम अरविंद माहौर ने कहा कि सचमुच यह अनुपम कार्य हुआ, झुग्गी झोपड़ी के बच्चे गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए, इसके लिए आचार्य टीम और समाज सेवी सुधीर आचार्य विशेष बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने यह जिम्मेदारी बहुत अच्छे से निभाई। मैं चाहता हूं ऐसे प्रयास होते रहना चाहिए।

# निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन

## शिविर में 452 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया

**टोंक. शाबाश इंडिया**

जे एन यू मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल जयपुर तथा पारसमल धर्मचंद बिलासपुरिया चैरिटेबल आयुर्वेदिक औषधालय टोंक के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क मेघा मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन रविवार को श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन तेरापंथ ट्रस्ट भवन अजमेर वालों की कोठी पुरानी टोंक में किया गया। मीडिया प्रभारी राजेश अरिहंत ने बताया कि प्रातः 10 बजे मुख्य अतिथि सरोज नरेश बंसल जिला प्रमुख टोंक, श्रीमती लक्ष्मी जैन पूर्व सभापति नगर परिषद टोंक, एवं श्याम लाल जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर चिराग जैन संस्कार जैन ने मंगलाचरण गाया।चिकित्सा शिविर आयोजक पारसमल बिलासपुरिया बडजात्या पारमार्थिक चैरिटेबल ट्रस्ट तथा श्री दिगंबर जैन तेरापंथ ट्रस्ट,पुरानी टोंक की ओर से अतिथियों का एवं जे एन यू हॉस्पिटल के डॉक्टर व स्टाफ का अध्यक्ष कमलचंद जैन, मंत्री विमल कुमार जैन, राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य रामफूल गुर्जर, प्रकाश सोनी, श्यामलाल जैन, तेजमल एडवोकेट, ताराचंद बड़जात्या, अशोक छाबड़ा, देवराज काला, चेतन बिलासपुरिया ,सुरेंद्र जैन, अशोक वैद द्वारा तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन तेरापंथ ट्रस्ट एवं पारसमल बिलासपुरिया परमार्थिक चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक कैलेंडर का विमोचन किया गया।जे एन यू हॉस्पिटल के सीनियर



लाइजिंग ऑफिसर डॉक्टर राजेंद्र निठारवाल ने बताया कि चिकित्सा परामर्श शिविर में डॉक्टर नवीन सोनी, अंकुश गोयल, आकाश मोहन शर्मा, पंकज कुमार भावना, भारती, गौरव, मीना, विनय भारद्वाज, दीपक शर्मा, भरत सिंह, मिनाज कौसर आदि द्वारा सामान्य जांच, नाक कान गला रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शल्य चिकित्सक, नेत्र रोग ,हड्डी व जोड़ प्रत्यारोपण, त्वचा रोग, नवजात शिशु एवं बाल रोग ,फिजियोथैरेपिस्ट एवं डाइटिशियन आदि की जाँच कर 452 मरीजों को परामर्श दिया गया ।मरीजों की ई सी जी ,ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर आदि की निशुल्क जांच की गई। मुख्य अतिथि सरोज नरेश बंसल जिला प्रमुख टोंक ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गरीब लोगों को काफी सहायता मिलती है लोगों को घर के नजदीक ही जयपुर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध हो जाती है जिससे गरीब लोगों को बीमारियों के निदान में मदद मिलती है इस प्रकार के आयोजन सराहनीय है। इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए ।आयोजको को इसके लिए बहुत-बहुत साधुवाद। पारसमल धर्मचंद चैरिटेबल आयुर्वेदिक औषधालय के ट्रस्टी किस्तूर देवी, मधु देवी, शीला जैन ,सोना, मंजू, संगीता, दीप्ति बिलासपुरिया ने सभी को धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया ।

# "संगिनी मैन उदयपुर ने मनाया 10वां स्थापना समारोह"

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

संगिनी मैन उदयपुर द्वारा महावीर साधना एवं स्वाध्याय समिति अंबामाता प्रांगण में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ 10 वाँ स्थापना समारोह धूमधाम से मनाया गया। नमस्कार मंत्र, फेडरेशन सूत्र व मंगलाचरण व स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेवाड़ रीजन चेयर मैन अनिल नाहर, विशिष्ट अतिथि चेयर मैन इलेक्ट अरुण मांडोत फेडरेशन के सह-सचिव एवं रीजन के निवर्तमान चेयर मैन मोहन बोहरा एवं मेवाड़ रीजन के बोर्ड मेंबर्स,ओसवाल सभा के अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, संगिनी मैन के पैरेंटल ग्रुप जेएसजी मैन के अध्यक्ष शांतिलाल मेहता सचिव कमल कोठारी एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संगिनीकोऑर्डिनेटर, जॉन कोऑर्डिनेटर एवं अन्य संगिनी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष,अध्यक्ष ,सचिव आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि एवं सभी संगिनी बहनें अपने-अपने जीवन साथी के साथ उपस्थित रही। ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए ग्रुप द्वारो वर्ष भर में किए गए सेवा कार्यों,एवं अन्य गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुते किया एवं बताया की ग्रुप को फेडरेशन से चार व रीजन से एक एप्रीसिएशन अवॉर्ड प्राप्त हुआ। ग्रुप की संस्थापिको शकुंतला पोरवाल ने ग्रुप के विगत 10 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी। ग्रुप सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में विविध प्रकार देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ग्रुप सचिवे स्नेहलता पोरवाल ने आभार प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन मंजु सरूपरिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 की उपस्थिति रही। यह जानकारी ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने दी।






# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कामां हेतु मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण, प्रदान की स्वीकृति

## जैन सन्तों की सुरक्षा व वर्षायोग हेतु स्थान उपलब्ध करवाने के आदेश पर मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**कामां. शाबाश इंडिया**

प्रथम गणिनी आर्यिका विजयमती माताजी की जन्मभूमि कामवन पर आचार्य सुनील सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु श्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को रविन्द्र जैन पूर्व जिलाध्यक्ष भरतपुर द्वारा निमन्त्रण दिया गया तो मुख्यमंत्री जी ने अपनी सहर्ष सहमति प्रदान की। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति से प्राप्त सूचना के अनुसार मुख्यमंत्री महोदय को कार्यक्रम में आमन्त्रण का निवेदन जयपुर स्थित कार्यालय पहुँच कर रवींद्र जैन जुरहरा,टी सी जैन भरतपुर,रोहित जैन द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जैन समाज व पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति कामां की तरफ से जैन साधु साध्वियों के विहार में सुरक्षा व वर्षायोग हेतु स्थान उपलब्ध करवाने पर मुख्यमंत्री व राजस्थान सरकार को धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया।





## असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को दिया निमंत्रण

महोत्सव समिति के अनिल जैन,पंकज जैन पथराली वाले,संजय जैन सर्राफ,भारत जैन,रवि जैन द्वारा जयपुर स्थित निवास पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को आमंत्रण देकर अभिनंदन किया गया। महोत्सव समिति के महामन्त्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि 63 वर्ष उपरांत जैन समाज कामां में शांतिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया जाना प्रस्तावित है जिसे लेकर जैन समाज कामां में जबरदस्त उत्साह है।

# वैशाली नगर के नेमीसागर कालोनी में स्थित श्रीराम मन्दिर में 'रामोत्सव' मनाया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अयोध्या रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में वैशाली नगर के नेमीसागर कालोनी में स्थित श्रीराम मन्दिर में 'रामोत्सव' मनाया गया, जिसके अन्तर्गत 16 जनवरी से 23 जनवरी तक रोजाना सभी कालोनीवासियों द्वारा दीपोत्सव, भक्ति संगीत, सांस्कृतिक आयोजन किये गये, अखण्ड रामायण पाठ, सुन्दर काण्ड रखा गया । 22 जनवरी को विशाल प्रभात-फेरी और शाम को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी । 21 एवं 22 जनवरी दोनों दिनों पंगत प्रसादी का आयोजन हुआ और 22 जनवरी को अयोध्या प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का मन्दिर परिसर में ही एल.ई.डी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण किया गया । आयोजन के संयोजक अनिल कुमार जैन, पवन अग्रवाल, प्रियंका गुप्ता एवं संगीता गोयल ने बताया कि एक सप्ताह से भी अधिक चलने वाले रामोत्सव के आयोजन में पूरी नेमीसागर एवं आसपास की कालोनी के सैकड़ों परिवारों ने राममय वातावरण में बहुत ही भाव-विह्वल, धूमधाम, हर्षोल्लाष एवं भक्तिपूर्वक रामोत्सव बनाया।



# भगवान ऋषभदेव के मन्दिर में लडडु चढ़ाया



**ऋषभदेव, उदयपुर. शाबाश इंडिया**

एवीएस फाउंडेशन द्वारा भगवान ऋषभदेव के मन्दिर मे लडडु चढाया गया । फाउंडेशन के ट्रस्टी रमेश चंद्र पंचोली ने बताया की दोसा जिले के राष्ट्रीय राज मार्ग 48 पर भड़ाना गांव में उपाध्याय उर्जयंत सागर महाराज के आशीर्वाद से गुरु मंदिर की नीव रखी है उसके उपलक्ष्य में ऋषभदेव मन्दिर मे लड्डु चढाया गया और सकल जैन समाज में लड्डु वितरण कर धर्म प्रभावना की गई। इससे पूर्व समाज और फाउंडेशन द्वारा कांच के मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जो सदर बाजार नेहरू बाजार ऋषभ चौक होती हुई ऋषभदेव मंदिर पहुंची। जहां पर फाउंडेशन के ट्रस्टी शैलेंद्र भुपावत, जीवनधर किकावत, जय प्रकाश वाणावत, शैलेंद्र वानावत, मुकेश भाणावत, अरुण गांधी ने भगवान ऋषभदेव पारसनाथ क्षेत्र पाल पद्मावती मारू देवी को लड्डू चढ़ाकर शीघ्र गुरुमंदिर बनने की कामना की। इस मौके पर समाज के सेठ राजमल कोठारी, अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार जैन, महामंत्री प्रदीप कुमार जैन, उपाध्यक्ष धनपाल भंवरा, सह मंत्री हेमंत भंवरा, कोषाध्यक्ष बसंत भंवरा, धर्म मंत्री मुकेश गांधी, महावीर प्रसाद गंगावत, जयप्रकाश वाणावत, प्राण भाणावत, गुरुकुल ट्रस्ट के महामंत्री सुंदरलाल भाणावत, उपाध्यक्ष सुरेश कोठारी, तीर्थ रक्षा कमेटी के महामंत्री प्रधुमन भंवरा, निलेश कोठारी, फाउंडेशन की महिला सदस्या सुषमा पंचोली, सुनंदा वाणावत, बिन्दु जैन, वन्दना कोठारी, नीता भाणावत, सरोज भंवरा सहित कई समाज जन उपस्थित थे ।




## तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित
किया जाता है कि हमारे पूजनीय

**श्री धर्म चंद्र पाटनी**

**(रिटायर्ड ए जी ऑफिस)**

का स्वर्गवास दिनांक 28/01/2024 को हो गया है जिनके तीये की बैठक दिनांक 30 जनवरी 2024 मंगलवार को प्रात 9.30 बजे श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर में रखी गई है, बैठक के बाद घड़ियों का दस्तूर होगा।

शोकाकुल : शिप्रा (पत्नी), डॉ नीता पाटनी पत्नी स्व.डो अनिल गुप्ता , डा सीमा पाटनी डा. प्रभात कुमार- (पुत्री- दामाद), राजीव पाटनी (पुत्र), अनुश्री -पियूष, तनुश्री-संजय (दोहिति - दामाद) प्रखर-स्टेसी (दोहिता - दोहिता वधू), सुरेंद्र,अजित,प्रभात,प्रवीण मुकेश एवम समस्त पाटनी परिवार।

ससुराल पक्ष : मणीप्रकाश,प्रेम प्रकाश, चंद्र प्रकाश, निर्मल अनिल , सुनील एंव समस्त काला परिवार।

मोबाइल : 9829277747, 9414238226


## 'पद्म श्री' आदरणीया डा. माया टंडन जी से शिष्टाचार भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आज का दिन हमारे जीवन का अविस्मरणीय दिन है, क्यूंकि आज हमारी शिष्टाचार भेंट हुई प्रतिष्ठित पुरुस्कार 'पद्म श्री' से हाल ही में सम्मानित आदरणीया माँ स्वरूपा, प्रेरणा की स्त्रोत 'डा.माया टंडन' आंटी जी से। आदरणीया डा .माया टंडन आंटी जी ''सहायता संस्था'' के माध्यम से पिछले 28 वर्षों से सड़क दुर्घटनाओं में जीवन रक्षा प्रणाली का प्रशिक्षण देकर समाज को नई दिशा और जागरूकता के रूप में उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर रही हैं... मुझ पर आंटीजी का आशीर्वाद बचपन से सदैव रहा है चाहे वो मेरी सांगीतिक गतिविधियां हो या पारिवारिक। आदरणीया आंटीजी को ईश्वर सदैव स्वस्थ, प्रसन्न व ऊर्जावान रखे यही कामना है।

**संस्मरण : प्रसिद्ध गायक संजय रायजादा**


## आपाके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**

**शाबाश इंडिया**

shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# महिदपुर में श्री जी की भव्य विमान यात्रा निकाली गई





## आरती उतारी कर भक्तों ने किए श्री फल भेंट

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

जिला मुख्यालय से पच्चीस किलोमीटर दूर महिदपुर ग्राम में भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य विमान यात्रा निकाली गई जिसमें भक्तों ने नाचते गाते श्रद्धा पूर्वक जिन धर्म की जय जय कार के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गो से विमान यात्रा निकाते हुए आचार्य श्री विद्यासागर सभागार में पहुंच कर धर्म सभा में बदल गई। जहां सभा के प्रारंभ में मंगलगान विद्यासागर पाठशाला की बहनो द्वारा किया गया । भगवान श्री पार्श्वनाथ स्वामी के चित्र का अनावरण मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा अशोक जैन भारत सुरेन्द्र जैन ने किया। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्जवन अशोक नगर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद डॉ डी के जैन संजीव श्रागर शैलू भारत विपिन सिंघई शैलेन्द्र दददा सहित अन्य भक्तों ने किया।

## स्वर्ण कलश भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त किया

भगवान के अभिषेक के लिए प्रथम स्वर्ण कलश सिद्धार्थ जैन सालू भारत परिवार ने शेष कलश राकेश कासंल मुकेश कासंल सुभाष जैन कैंची सुनील वमनावर अजय नेशनल राजकुमार कासंल अशोक नगर समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल विनोद कुमार राजू मेडिकल सुरेश चन्द्र गोलू वाझल रवि पांड्या की ओर से तीन स्वर्ण कलश भेंट किए गए। चांदी के विमान का उद्घाटन विहिप के जिला अध्यक्ष दिनेश मैदपुर द्वारा किया गया।

## स्वर्ण दान के प्रभाव से राजपुत्र हुए: ब्र अंकित भइया

इस दौरान धर्म सभा का संचालन करते हुए जैन युवा वर्ग संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि ये महोत्सव दशलक्षण पर्व के समापन रूप में किया जाता है सभा को सम्बोधित करते हुए ब्र अंकित भ इया ने कहा कि एक धर्मात्मा राजा था उसके पास अपार धन सम्पत्ति होने के बाद भी वह दान धर्म करता रहता था एक दिन वे राजा सोचते हैं कि ऐसा मैंने कौन सा पुण्य किया है कि मुझे सभी तरह के सुख सुविधाओं के साथ आनंद वरष रहा है तव ही दारपाल सूचना देता है कि आपके उद्यान में केवलीभगवान का समवशरण आया है तव वो पूरी प्राजा को लेकर रत्न भर के भेंट लेकर जाते हैं और प्रभु के चरणों में भेंट कर देते हैं तव वह राजा प्रभु से अपनी सम्पदा का कारण जानने कि जिज्ञासा रखीं तव उन्होंने बताया कि प्रभु चरणों में श्री फल समर्पित करने वाले को राज वैभव मिलता है अपने पूर्व जन्म में स्वर्ण दान कर ये सौभाग्य प्राप्त किया है।

## फूलमाल ज्ञान माल का हुआ आयोजन

धर्म सभा के बाद भगवान के कलशाविषेक करने के साथ ही फूलमाल ज्ञान माल का आयोजन किया गया इस दौरान चार इन्द्र वनकर कुंदन लाल मनीष कुमार भारत महेन्द्र कुमार डॉ निर्मल कुमार कदवाय प्रसुन प्रमोद कुमार मंगल दीप परिवार को भगवान के कलशाविषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इसी के साथ जगत कल्याण की कामना के साथ महा शान्ति धारा करने का सौभाग्य कुंदनलाल मनीष कुमार आशीष कुमार भारत महेन्द्र कुमार विनित कुमार विदिशा परिवार के साथ अन्य भक्तों को मिला वहीं फूल माला लेने का सौभाग्य महिदपुर समाज के अध्यक्ष सिद्धार्थ जैन शालू ज्ञान माल राजेश जैन कक्का परिवार ने दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी की फूलमाला मुकेश चाट भंडार परिवार को प्राप्त हुआ जिनका सम्मान कमेटी के अध्यक्ष सिद्धार्थ जैन शालू मंत्री संजय मैदपुर कोषाध्यक्ष मुकेश कासंल अशोक नगर समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद उपाध्यक्ष प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मेडिकल मंत्री विजय धुर्रा शैलेन्द्र श्रागर थूवोनजी के महामंत्री विपिन सिंघई राजेन्द्र हलवाई शैलेन्द्र दददा राजीव चन्देरी अनिल भारत प्रसंन्न जैन प्रदीप भारत सहित अन्य भक्तों ने किया समारोह का संचालन जैन युवा वर्ग के संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर ने किया।

# लुभाती है फ्रांसिस आर्टिस्ट हर्व अलेकजेंडर की अनूठी न्यूज पेपर आर्ट एक्जीबिशन

## शहर से दूर बडंगा ग्राम में दो दिन और जारी रहेगी प्रदर्शनी



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** देश दुनियां में अनेक कलाकार कला के विविध रूपों पर कितने नए अंदाज और प्रयोगवादी तरीकों से सृजन कर रहे हैं उसकी एक बानगी शहर से दूर उबेश्वर रोड स्थित धार पंचायत के बडंगा ग्राम के इको फ्रेंडली एनवायरमेंट में बने आर्ट जंक्शन रेजीडेंसी में देखी जा सकती है। जहां फ्रांस से आकर कला साधना में संलग्न हर्व अलेकजेंडर की न्यूज पेपर पर बनाई मोहक कला कृतियां सायास ही हर किसी को लुभाती हैं। आयोजक डॉ. चिमन डांगी ने बताया कि पेशे से एरोनोटिक इंजीनियर से कलाकार बने अलेकजेंडर विगत एक माह से उदयपुर और आसपास रहकर ही अपनी कला कल्पना को साकार कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बड़ंगा गांव के स्कूली बच्चों को भी कला के विविध पक्षों से रूबरू कराया है। गौरतलब है कि अलेकजेंडर की तमाम चित्रकृतियां छपे अखबार को इस्तेमाल करके तैयार की गई है। फ्रांसिस आर्टिस्ट बताते हैं कि बरसों से वे देश दुनियां में कल्चरल स्टडी के प्रयोजन से भ्रमण कर रहे हैं, ऐसे में जहां जहां वे जाते और रहते हैं वहां का न्यूज पेपर खरीद लेते हैं और उसी को माध्यम बना कर स्थानीय लोगों के चेहरे मोहरे बनाते हैं। कुछ इसी तरह का नवाचार उन्होंने भारत में उदयपुर आकर किया है। बता दें, आयोजन स्थल पर ही तैयार कलाकृतियों को डिस्प्ले किया गया है। इस मौके पर डॉ. श्रीनिवास अय्यर, डॉ. मीना बया, एना केटलिना, प्रो. बी एल बामनिया, प्रो. हरीश मंगेश, शर्मिला राठौड़, योगाचार्य सुरेश पालीवाल, भूपत डूडी, मैडम फी, डिंपल चंडात विजेंद्र, मनोज, सूरज सोनी, मयंक शर्मा, रोकेश सिंह, सुनील निमावत सहित अन्य कई आर्टिस्ट उपस्थित थे। **रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# ग्रामीण पत्रकार संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

## गोयल बने समिति के संरक्षक



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद । गणतंत्र दिवस पर नवलरामजी की बगीची के पास स्थित होटल आरजे 01 व्ही देशी में ग्रामीण पत्रकार संरक्षण समिति की बैठक अध्यक्ष हीरालाल मेघवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वहीं समिति के सदस्यो ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र गोयल को समिति के संरक्षक पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान समिति मे नये सदस्य को जोडने, समिति मे अब तक जुडे सदस्यो का ग्रुप बीमा करवाने, भूखंड आवंटन, समिति में सदस्यों का जुडाव करने, पहचान पत्र बनवाने सहित नये जुडने वाले सदस्यो के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई। पत्रकार हितों पर चर्चा कर की गई। इस अवसर पर नवनियुक्त संरक्षक शैलेन्द्र गोयल का सदस्यो द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं नये जुडे सदस्य जगदीश चौधरी व अनिल पंवार का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीण पत्रकार संरक्षण समिति के नवनियुक्त संरक्षक शैलेन्द्र गोयल, अध्यक्ष हीरालाल मेघवंशी, उपाध्यक्ष इकरामुदीन खान चौहान, सचिव सांवरलाल प्रजापति, सहसचिव सुरेन्द्रसिंह रावत, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण लक्षकार, महामंत्री मनोज कुमार शर्मा, सलाहकार ओमप्रकाश वैष्णव, संगठन मंत्री हेमराज मेघवंशी, प्रचार प्रसार मंत्री सत्यनारायण रोल्या एवं महेन्द्र प्रजापत, मंगल प्रजापत, जगदीश चौधरी, अनिल पंवार, विजय कुमार राव आदि मौजूद थे।

# महासमिति अंचल राजस्थान द्वारा धार्मिक शिविर आयोजन एवं श्रावकाचार वर्ष मनाने का निर्णय



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मन्दिर भवन में दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान कार्यकारिणी की अंचल अध्यक्ष अनिल कुमार जैन आईपीएस की अध्यक्षता में मीटिंग सम्पन्न हुई। मंगलाचरण के पश्चात महामंत्री महावीर कुमार बाकलीवाल ने कार्यवाही प्रारंभ की जिसमें अंचल की विगत गतिविधियों की जानकारी दी गई एवं अनुमोदन किया गया। महासमिति के नयी सदस्यता, संभाग एवं इकाई गठन तथा पूर्व इकाईयों की सक्रियता हेतु विचार विमर्श किया गया। जिसमें राजेन्द्र शाह कार्याध्यक्ष, डॉ. णमोकार जैन कार्याध्यक्ष, पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल जैन संघी, महारानी संभाग के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन,सुनील बज ,महावीर चांदबाड मंत्री ने अपने विचार व्यक्त किये।

# श्री विद्या सुधा जैन संस्कार पाठशाला निरंतर बच्चो में जैनत्व व नैतिक मूल्यों के संस्कार के लिए प्रयासरत



**जयपुर. शाबाश इंडिया** पद्मावती कॉलोनी , निर्माण नगर स्थित श्री विद्या सुधा जैन संस्कार पाठशाला निरंतर बच्चो में जैनत्व व नैतिक मूल्यों के संस्कार के लिए निरंतर कार्य कर रही है यहां लगभग 25से 30 विद्यार्थी प्रत्येक रविवार शिक्षा प्राप्त कर रहे है इस रविवार बच्चो ने चौदह गुणस्थान विषयक कविता याद की और याद कर सुनाने वाले विद्यार्थियों को आशीष चूड़ीवाल परिवार लाडनूं वाले की ओर से पांच बच्चो को 2100 -2100 कि राशि नगद प्रदान की । पाठशाला संयोजिका विमला ठोलिया , जैन विद्वान पंडित राहुल शास्त्री तथा समाज के श्रेष्ठीयो के सानिध्य मे सम्मानित हुए बच्चो में वर्णिका जैन, ईशा जैन, मोना जैन , मान्या जैन आदि रहे।

# वार्षिकोत्सव, प्रतिभा सम्मान एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का हुआ आयोजन

रत्नेश जैन बकस्वाहा. शाबाश इंडिया

भगवां । नगर के अशासकीय शिक्षण संस्था अहिंसा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव , प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पूर्व छात्रों का मिलन समारोह विविध कार्यक्रमों के साथ जैन शिक्षा समृद्धि के मार्गदर्शन में संस्था द्वारा किया गया । संस्था के प्रबंध संचालक रजनीश जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम थाना प्रभारी आर. एस. उपाध्याय के मुख्य अतिथि एवं ग्राम की सरपंच रामदेवी शंकर सोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती बंदना एवं स्वागत गीत से हुआ । इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा अनेक विधाओं जैसे - गीत , नृत्य , कब्बाली , नाटक, रामायण, प्रहसन, भाषण आदि के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया । इस अवसर पर आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन में उपस्थित पूर्व छात्रों ने अपने संस्मरण को सांझा किये एवं सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया । संस्था में विगत सत्र में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया । इसके साथ ही पूर्व में



अयोजित एक दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था । इसमें कक्षा एल के जी से कक्षा 10 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया था । इसमें समस्त बच्चों ने इंडोर एवं आउटडोर दोनो प्रकार के खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । इस खेल महोत्सव के सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की प्राचार्य श्रीमती रश्मि जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ामलहरा विकास खण्ड के अशासकीय विद्यालयों के समस्त संचालक एवं भूपेन्द्र सिंह , अरविन्द सिंह , डॉ. डी. पी. असाटी , शीलचन्द्र नेता , पत्रकार रिक्की दुबे एवं संदीप असाटी आदि जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों की गरिमा उपस्थित रही । कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त द्वारा उपस्थित अतिथि एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया ।